मेला मेला म्हाडी वर्ष 2022 हेतु ई–निविदा दिनांक 17.08.2022

## कार्यालय नगर निगम सहारनपुर।

**प्रभारी मीडिया,**

इस आशय से प्रेषित कि उक्त निविदा सूचना का प्रकाशन (सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश तथा विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय, भारत सरकार द्वारा स्वीकृति दरों पर) रोस्टर के अनुसार तीन समाचार पत्र दैनिक अमर उजाला, दैनिक हिन्दुस्तान एवं दैनिक अमर भारती समाचार पत्र में कम से कम स्पेस में, नौ फांट में, प्रकाशित कर, बिल 3 प्रतियों सहित भुगतान हेतु प्रस्तुत करें। यदि आपके समाचार पत्र द्वारा उक्त निर्देश का उल्लंघन किया जाता है, तो आपके बिल से कटौती कर भुगतान किया जायेगा, अथवा बिल का भुगतान बाधित किया जा सकता है। जिस हेतु कोई क्लैम मान्य नही होगा।

---

## सहारनपुर नगर निगम सम्पत्ति अनुभाग
## ई–निविदा

पत्रांकः 1159 / सम्प0अनु0

दिनांक : 17/08/2022

सर्वसाधारण को एतदद्वारा सूचित किया जाता है, कि नगर निगम सहार नपुर में प्रत्येक वर्ष की भांति मेला म्हाडी दिनांक 05.09.2022 से 07.09.2022 व मेला गुघाल दिनांक 08.09.2022 से 27.09.2022 तक इस वर्ष भी आयोजन किया जाना है, तदकम में वर्ष 2022–23 हेतु उत्तर भारत का सुप्रसिद्व एवं ऐतिहासिक मेला गुघाल(अम्बाला रोड पुल के नीचे) व मेला म्हाडी(गंगोह रोड मानकमऊ) की भूमि की ई–निविदा दिनांक 17.08.2022 को आमंत्रित की गयी थी, परन्तु उक्त तिथि पर्याप्त निविदा प्राप्त न होने के कारण शर्तो में संशोधन उपरान्त दिनांक 23.08.2022 को पुनः ई–निविदा आमंत्रित करता है, ऑफरदाता ऑनलाईन टैण्डर प्रकिया में भाग ले सकते हैं–

| क्र0सं0 | पत्रा0 सं0 | ठेके का नाम | जमानत /धरोहर राशि | गत वर्ष 2019 में जमा धनराशि (मय माल एवं सेवा कर सहित) | न्यूनतम ऑफर धनराशि मय माल एवं सेवा कर (जी0एस0टी0) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | NZ1 | मेला गुघाल | 16 लाख | 1,61,35,999/– | 1,61,36,000/– |
| 2 | NZ2 | मेला म्हाडी | 02 लाख | 18,01,786/- | 18,02,000/- |

नोट 1– प्रत्येक ठेके के निमित्त जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेशन, पैन कार्ड, आधार कार्ड, चरित्र प्रमाण पत्र, शपथ पत्र (फोटो सहित) जिसमें यह अंकित हो कि शपथकर्ता किसी संस्था का बकायेदार नही है, और न ही कभी ब्लैक लिस्टेड हुआ है प्रत्येक ठेके में निर्धारित फिक्स डिपॉजिट जो लेखाधिकारी नगर निगम सहारनपुर के नाम बन्धक होगी जमा करानी होगी। उक्त फिक्स डिपॉजिट उसी व्यक्ति/फर्म के खाते से बनी होगी जो टैण्डर प्रकिया में भाग लेगा। निविदा के साथ संलग्न करने होंगे।

2– ठेके से संबंधित सभी शर्ते सम्पत्ति अनुभाग में देखी/पढी जा सकती है, व सूचना व शर्ते नगर निगम की वेबसाईट www.saharanpurnagarnigam.com व एन0आई0सी0 की वेबसाईट www.saharanpur.nic.in पर भी उपलब्ध है।

3– ठेका बिना कारण बताये स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार नगर आयुक्त नगर निगम सहारनपुर में निहित होगा।

4– जिन ठेकेदारों द्वारा गत वर्षो के ठेके की समस्त धनराशि नगर निगम कोष में जमा नही करायी गयी है, उनका ऑफर मान्य नही होगा, तथा जिन ठेकेदारों को नगर निगम द्वारा डिफाल्टर घोषित/ब्लैकलिस्टेड किया हुआ है, वह भी नीलामी में भाग नही ले सकेगें।

5– ऑनलाईन निविदा दिनांक 23.08.2022 को अपरान्ह 12:00 बजे तक ऑनलाईन के माध्यम से तथा दिनांक 23.08.2022 को अपरान्ह 01:00 बजे तक सम्पत्ति अनुभाग के कार्यालय में रखें टैण्डर बाक्स में अपनी टेक्निकल निविदा को डालें जाने एवम् तद्दिनांक को अपरान्ह 02:00 बजे निविदां गठित समिति एंव निविदा दाताओं के समक्ष खोली जायेगी।

6– टैण्डर शुल्क सभी ठेकों में अंकन 1298/– रू0 (जी0एस0टी0 सहित) देय होगा।

प्रभारी अधिकारी (सम्पत्ति)
नगर निगम सहारनपुर।

---

मा0 महापौर महोदय की सेवा में सूचनार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1–नगर आयुक्त महोदया को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2–प्रभारी निरीक्षक, थाना कोतवाली कुतुबशेर को उपरोक्त तिथि में पर्याप्त पुलिस बल उपलब्ध कराने हेतु।
3– रिकार्ड कीपर को नीलाम की व्यवस्था कराने हेतु।
4– नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।

प्रभारी अधिकारी (सम्पत्ति)
नगर निगम सहारनपुर

Scanned with CamScanner